शेखर टाइम्स

सैनिटाईजेशन व सफाई व्यवस्था देखी डीएम ने, दिए निर्देश

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा नगर क्षेत्र के हद्दफचौकी व नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय जिलाधिकारी द्वारा हद्दफ चौकी पर अपनी देखरेख में सेंनेटाइजेशन के कार्य को कराया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी/प्रशासक इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ नगर निगम द्वारा नगर क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया।

सैनिटाईजेशन का मुआयना करते डीएम व नगरायुक्त

सफाई कार्य के बारे में जानकारी लेते जिलाधिकारी

नगर में सेनेटाइजेशन अभियान संचालित किया गया। जिसके दृष्टिगत जोन-1 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार द्वारा एमनजई जलालनगर, महमदं जलालनगर, अषोक बिहार कॉलोनी, दिलाजाक, कचहरी, कलेक्ट्रेट, गदियाना, ऑफीसर्स कॉलोनी, दिलाजाक, जोन-2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा हददफ चौकी, सदर बाजार, अजांन चौकी, घण्टाघर, मशीनरी मार्केट, बहादुरगंज, ब्रज बिहार कॉलोनी, माधवनगर कॉलोनी एवं घनी बस्तियों में सेनेटाइजेषन का कार्य कराया गया। जोन-3 के अर्न्तगत-सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल द्वारा हयातपुरा, हुसैनरपुरा एवं गौहरपुरा , जोन-4 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा चौक, गर्राघाट शमषानघाट, मतानी, रगंमहला, केरुगजं, घूरन तलैय्या, जोन-5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा नई बस्ती, अहमदपुर रेती, तारीन गाड़ीपुरा, दलेलगंज, अहमदपुर निवाजपुर, रोशनगंज, सराय काईयां में सेनेटाइजेषन का अभियान संचालित किया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान उपस्थित रहे।